दिनांक 22.12.2020 स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

शासन की योजनाओं का लाभ लेने शिविर में पहुंच रहे हितग्राही , जन कल्याणकारी शिविर में हो रहे हैं लाभान्वित

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत शासन की राशन कार्ड , पेंशन, पट्टा नवीनीकरण, मजदूर कार्ड, मोर जमीन मोर मकान , प्रधानमंत्री आवास जैसे विभिन्न योजनाओं का किसी प्रकार से जो लाभ ले नहीं ले सके उनको अवसर प्रदान करने दोबारा शिविर आयोजित कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। इसके साथ ही डोर टू डोर मोर जमीन मोर मकान के हितग्राहियों से तथा पट्टा के लिए सर्वे उपरांत पात्र हितग्राहियों से संपर्क किया जा रहा है! ताकि शासन के मुख्य योजना से जोड़कर इन्हें लाभ दिलाया जा सके! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव की पहल पर ऐसे व्यक्ति या परिवार जो विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित है उनके लिए आवेदन प्राप्त करने प्रत्येक जोन क्षेत्र में शिविर का आयोजन किया गया है। 15 दिसंबर से शुरू हुए विशेष शिविर को लेकर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी लगातार निरीक्षण कर शिविर में उचित व्यवस्था करने तथा आने वाले आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दे रहे हैं। शिविर सभी जोन क्षेत्रों में 28 दिसंबर तक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किए जाएंगे स्वंय जोन आयुक्त राजस्व विभाग की टीम के साथ उपस्थित होकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं! आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी लगातार शिविर स्थल का निरीक्षण कर रहे है! आज 22 दिसंबर को जोन 01 क्षेत्र के आमोद भवन सुपेला में , जोन 02 क्षेत्रांतर्गत वार्ड कार्यालय में , जोन 03 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 03 शिव मंदिर में, जोन 04 क्षेत्रांतर्गत सिद्धार्थ स्कूल मंच शहीद वीर नगर में शिविर आयोजित हुआ।

जनसम्पर्क अधिकारी